# Superhouse Limited

(A Government of India recognized Export Trading House)
Regd. Office: 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur-208010 (India)
CIN: L24231UP1980PLC004910 Tel: 9935142048
email: share@superhouse.in url: http://www.superhouse.in


SHL/SHR/2021

Dated : 29th January,2021

The Stock Exchange, Mumbai,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
MUMBAI-400001

Company Code: 523283

National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East)
MUMBAI-400051

Scrip Code: SUPERHOUSE

**Sub. : Newspaper Clipping for the meeting of Board of Directors of the company.**

Dear Sir,

We attach herewith the copy of newspapers clipping published in English and Hindi newspapers for the meeting of Board of Directors to be held on 13th February, 2021.

Thanking you,

Yours faithfully,
For SUPERHOUSE LIMITED

SUPER HOUSE LTD. KANPUR

SECRETARY.
Encl. As above

# लेनदेन के विवाद में हार्डवेयर दुकानदार का अपहरण

## बर्रा पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

कानपुर,23 जनवरी। बर्रा में हार्डवेयर दुकानदार के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर दुकानदार कतो बरामद करते हुए अपहणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। बर्रा थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि बर्रा तीन निवासी पवन तिवारी को बर्रा कारगिल पेट्रोल पंप के पास से पीवीसी पाइप बनाने वाले जितेश गुप्ता अपने साथियों के साथ कार में जबरन अपहरण करके ले गए थे। जिसपर उनकी पत्नी ने जितेश,अनिल व चार-पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पत्नी ने बताया कि जब उन्होने अपने पति पवन के पास फोन किया तो उन्होने बताया कि शाहजहांपुर वाले जितेश गुप्ता अपने साथियों के स ाथ मिलकर उसको जबरजस्ती लेकर जा रहे है। गोविंद नगर सीओ विकास पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया पवन का जितेश से करोडों का लेनदेन का मामला सामने आया हार्डवेयर दुकानदार को बरामद कर मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर ठगों ने खाते से पार किए तीन लाख

कानपुर,23 जनवरी। बाबूपुरवा में राउटर खरीदने के नाम पर साइबर ठगों ने युवक के खाते से तीन लाख रुपए पार कर दिए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। बाबूपुरवा कालोनी निवासी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि पुत्र निखिल ने ओएलएक्स पर राउटर बेचने का विज्ञापन दिया था। जिसपर एक युवक ने दो हजार रुपए में खरीदने के लिए निखिल के पास फोन किया। जिसपर वह तैयार हुआ तो विश्वास में लेने के लिए ठग ने निखिल के खाते में एक रुपए ट्रांसफर किए। पीड़ित ने बताया कि कुछ ही देर बाद उसके खाते से कई बार में करके 3 लाख 67 हजार रुपए पार कर दिए। उनके मोबाइल पर एक बार में करके कई मैसेज आए तो उन्होने बैंक में संपर्क किया तो उन्हे ठगी की जानकारी हुई। बाबूपुरवा थाना प्रभारी जर्नादन सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश की जा रही है।

# आग का गोला, हाइवे जाम



छाया:आज

## रामादेवी फ्लाईओवर की घटना, चालक समेत दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

दो अन्य साथी प्रेम चंद्र और मोहित चलते लोडर से जैसे-तैसे कूदकर अपनी जान बचाई। आग का गोला बने लोडर को देख हाइवे के एक लेन यानि रूमा से रामादेवी का यातायात थमने से वहां जाम लग गया। आग की सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल की एक गाड़ी ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उधर, पुलिस ने क्रेन के सहारे खाक हो चुके लोडर को किनारे करवाया। तब जाकर जाम खुल पाया। चकेरी इंस्पेक्टर दधिबल तिवारी ने बताया कि शार्ट सर्किट से लोडर में आग लगी थी। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुआ।

# लुटेरों ने कोचिंग संचालक को पीटकर लूटा

कानपुर, 23 जनवरी। नवाबगंज के गुरुदेव चौराहे के पास लूटेरों ने कोचिंग संचालक को पीटकर चेन, अंगूठी और नगदी लूटकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस जांच में लूट की बात गलत है। शारदा नगर छपेड़ा पुलिया निवासी कोचिंग संचालक रत्नेश त्रिपाठी शुक्रवार देर रात कल्याणपुर से लौट रहे थे। इसी दौरान गुरुदेव चौराहे के विकास नगर में लुटेरों ने रोककर उनकी पिटाई कर दी। आरोप है किलुटेरे चेन, अंगूठी और नगदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित कोचिंग संचालक ने कंट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। नवाबगंज इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी का कहना है कि मामला संदिग्ध है। कोचिंग संचालक नशे की हालत में अपने दोस्तों के साथ था। जिनसें उनका विवाद हुआ है। लूट की बात गलत है। तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

**Superhouse Limited**
Registered Office : 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur-208010
CIN: L24231UP1980PLC004910 Website: www.superhouse.in
Email: share@superhouse.in

**NOTICE**

Notice is hereby given that next meeting of Board of Directors of the Company will be held on Saturday the 13th February, 2021 at the Head Office of the company at D-15/B, UPSIDC Industrial Area, Phase-II, Unnao-209801 to consider Standalone and Consolidated Financial Results for quarter ended 31st December, 2020 of the Company.

The Notice is also posted on the website of the company i.e. www.superhouse.in and on the website of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com

Date: 23.01.2021
Place: Kanpur

For Superhouse Limited
Sd/-
Secretary

## सूचना

कृपयादैनिकआजदिनांक 30 दिसम्बर 2020 मे प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति का संदर्भ लें। आपका कोई उत्तर / स्पष्टीकरण प्राप्त नही हुआ है। अतः आपकी सेवाये आदेश दिनांक 23–01–2021 द्वारा समाप्त कर दी गई है।

| नाम | पता | पदनाम |
|---|---|---|
| श्री राम किशन गौड़ | 24 / 51, बिरहाना रोड, कानपुर–208001 | परचेज आफीसर |
| श्री अश्वनी कुमार | 113 / 280, स्वरूप नगर, छोटी पुलिया, कानपुर–208002 | ड्राइवर |
| श्रीमती वर्तिका अग्रवाल | 121 एन–2 रोड, लाल बंगला, कानपुर–07 | एकाउंट एक्जीक्यूटिव |
| श्री योगेन्द्र कुमार | ग्राम नंदना, पोस्ट पतरसा, कानपुर–06 | वर्कर |
| श्री जितेन्द्र | ग्राम नंदना, पोस्ट पतरसा, कानपुर–06 | वर्कर |

कृपया अपना सेवा समाप्ति आदेश टाइम आफिस तथा वांछित औपचारिकताये पूर्ण कर देय अंतिम भुगतान लेखा विभाग से प्राप्त कर लें।

कारखाना प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी

## कानपुर विकास प्राधिकरण — आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया किया जाता है कि भवन संख्या–23 जे/3, ब्लाक–डब्लू/2, योजना–द्वितीय जूही कलां, कानपुर की फ्रीहोल्ड डीड दिनांक 14.05.2019 को प्राधिकरण द्वारा श्री गोपाल कृष्ण पुरी पुत्र स्व0 लाजपत राय पुरी के पक्ष में निष्पादित की गयी है। भवन का क्षेत्रफल 167.22 वर्गमी0 व भूप्रयोग आवासीय है। तत्पश्चात फ्रीहोल्डधारक श्री गोपाल कृष्ण पुरी ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.12.2020 द्वारा भवन श्रीमती शालिनी अवस्थी पत्नी श्री अनुराग अवस्थी को विक्रय कर दिया गया। वर्तमान में क्रेती श्रीमती शालिनी अवस्थी द्वारा क्रय किये गये भवन पर प्राधिकरण अभिलेखों में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। भविष्य में होने वाली आपत्तियों के दृष्किोण से समाचार पत्र में इस आशय की विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जा रही है कि उपरोक्त विक्रय पत्र के आधार पर क्रेती श्रीमती शालिनी अवस्थी का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन–3 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नही होगा तथा प्राधिकरण अभिलेखों में क्रेता श्रीमती शालिनी अवस्थी पत्नी श्री अनुराग अवस्थी का नाम अंकित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

के0 के0 सिंह, संयुक्त सचिव (जोन–3)

